भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 809 का उत्तर

भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन से पंढरपुर के लिए दैनिक/साप्ताहिक विशेष ट्रेन

809. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र में पंढरपुर वारी, आषाढ़ी एकादशी और कार्तिक उत्सवों के दौरान भिवंडी रोड क्षेत्र से यात्रा करने वाले यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए, भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पंढरपुर के लिए दैनिक/साप्ताहिक विशेष ट्रेन शुरू करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने और व्यस्त अवधी, त्योहारों, धार्मिक सभाओं आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की आवश्यकता को पूरा करने का निरंतर प्रयास करती है। भारतीय रेल यातायात के स्वरूप, वाणिज्यिक औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन करती है, जो एक सतत प्रक्रिया है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 (दिसंबर तक) के दौरान परिचालित विशेष रेलगाड़ियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	विशेष रेलगाड़ियों के फेरों की संख्या
2024-25	~85,400
2025-26 (दिसंबर 2025 तक)	~65,000

वर्तमान में, 11027/11028 दादर-सतारा एक्सप्रेस मुंबई क्षेत्र से पंढरपुर के लिए सीधी संपर्कता प्रदान करती है।

इसके अलावा, आषाढ़ी एकादशी और कार्तिक एकादशी के दौरान पंढरपुर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए, भारतीय रेल पंढरपुर के लिए विशेष रेलगाड़ी का परिचालन करती है। तदनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान, भारतीय रेल ने आषाढ़ी एकादशी के दौरान 86 विशेष रेलगाडियों और कार्तिक एकादशी के दौरान 52 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया।

****